2010 सेंसस फार्म का जवाब देना सुरक्षित है, और यह आपके समाज के लिए महत्वपूर्ण है।

Q: 2010 सेंसस महत्वपूर्ण क्यों है?

A: हर 10 वर्ष में, यू.एस. का संविधान यूनाइटेड स्टेट्स में रहने वाले सभी लोगों की गिनती करने की मांग करता है, चाहे उनकी जातीय पृष्ठभूमि, आयु या वीज़ा स्थिति कुछ भी हो। 2010 सेंसस फार्म की आपकी जानकारी का इस्तेमाल सरकार यह तय करने के लिए करती है कि हर साल $400 बिलियन से ज़्यादा संघीय कोषों में से आपके समाज को कितना मिलेगा।

Q: हमारे समाज को किस तरह के फायदे मिल सकते हैं?

A: 10 आसान सवालों का जवाब देने के लिए 10 मिनट का समय देकर, हम अन्य सुधारों के साथ, रोजगार प्रशिक्षण को बढ़ाने, शिक्षा को बेहतर करने, सार्वजनिक सेवाओं में मदद करने और ज्यादा चिकित्सा सुविधाएं दिए जाने में मदद कर सकते हैं।

Q: मैं किस तरह आश्वस्त हो सकता हूं कि मेरी जानकारी सुरक्षित है?

A: आपकी सारी जानकारी गोपनीय है, और कानून इसे अन्य सरकारी एजेंसियों के साथ बांटने पर रोक लगाता है। असल में, आपकी किसी भी जानकारी को आपके खिलाफ इस्तेमाल नहीं किया जा सकता है, और 2010 सेंसस फार्म आपकी वीज़ा स्थिति, धर्म या आय के बारे में भी नहीं पूछता है।

Q: क्या होगा अगर मेरे वीज़ा की समय सीमा समाप्त हो गई है, या मैं बिना ज़रूरी कागजात वाला एक इमीग्रेंट (अप्रवासी) हूं?

A: इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आपकी नागरिकता या वीज़ा स्थिति क्या है। कानून कहता है कि 2010 सेंसस के दौरान यू.एस. में रहने वाले हर व्यक्ति की गिनती होनी चाहिए।

Q: क्या होगा अगर मैं 2010 सेंसस फार्म वापिस न भेजूं?

A: अगर आप अपना 2010 सेंसस फार्म वापिस नहीं भेजते हैं, तो आपकी जानकारी लेने के लिए एक मित्रवत सेंसस टेकर आपके घर आएगा। सेंसस टेकर के पास आधिकारिक पहचान होती है, उसने जानकारी गुप्त रखने की शपथ ली है, और जब तक कि आपकी गिनती नहीं हो जाती, आपके घर आता रहेगा।





असिस्टेंस गाइड को हिन्दी में पढ़ने के लिए कृपया 2010census.gov पर जाएं

कृपया अपना सेंसस फार्म आज ही वापिस भेजें।

United States Census 2010

अमरीकी सेंसस

हमारा भविष्य हमारे हाथ

D-3312 (HI)